NT>

Title: Need to declare Jabalpur Patan Bamhori Tigadda State highway in Madhya Pradesh as a national highway-Laid.

श्री रामनरेश त्रिपाठी (सिवनी) : अध्यक्ष महोदय, माननीय प्रधान मंत्री अटल जी के कुशल नेतृत्व में देश सड़क विकास के स्वर्णिम युग में तेजी से अग्रसर है। मैं मध्य प्रदेश की एक अतिमहत्वपूर्ण सड़क की ओर भारत सरकार का ध्यान आकृट करना चाहता हूं। जबलपुर से पाटन, तेन्दूखेड़ा, झलौन, रतली होते हुए बम्टोरी तिगड्डा राट्रीय राजमार्ग क्र0 26 पर मिलने वाली यह सड़क यातायात की दृटि से अत्यधिक महत्वपूर्ण है। जबलपुर तथा सागर संभाग को जोड़ने वाली यह सबसे कम लंबाई की सड़क है। इस मार्ग से होकर झांसी (उ0प्र0) तक का परिवहन जबलपुर, म0प्र0 आता है। यह मार्ग रा0रा0क्र0 26 जो राट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना उत्तर-दक्षिण कॉरीडो के अंतर्गत है, को राट्रीय रा0रा0क्र0 7-12 एवं बारह-ए को जोड़ने वाला सबसे कम दूरी का मार्ग हो जायेगा। इस मार्ग के निर्माण से जबलपुर जहां आयुध निर्माण के दो महत्वपूर्ण कारखाने हैं, तीन राज्यों का सैन्य मुख्यालय है, पर्यटन तथा शिक्षा के क्षेत्र में जिसका विशिट स्थान है, मध्य प्रदेश का प्रमुख महानगर है, सीधा देश की राजधानी दिल्ली से जुड़ जायेगा। तहसील स्तर के अनेक नगर बड़े कस्बे तथा अनेक ग्राम, जो आजादी के बाद से सड़कों के मामले में उपेक्षित है, अच्छी सड़क से जुड़कर अपने वाणिज्य तथा व्यापार को बढ़ाकर उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे। मेरा भारत सरकार से आग्रह है कि शीघ्र इस मार्ग का सर्वे करवाकर इसे राट्रीय राजमार्ग घोाित करे तथा इसका नवनिर्माण कराने की कृपा करें।